# युवाओं ने निभाई देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

▶ लिट चौक के रूबरू कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**इन्दौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में रविवार को गाँधी हाल में आयोजित मालवा के सांस्कृतिक कार्यक्रम लिट चौक टॉक शो में शामिल हुए. यहां वरिष्ठ पत्रकार एवं एंकर अनंत विजय द्वारा कला, साहित्य, विकास, फिल्म आदि के बारे में पूछे गये सवालों का सिलसिलेवार उत्तर दिया. चर्चा का विषय था-'मोहन का धर्म: राजधर्म'. इस दौरान उपस्थित युवा जन मुख्यमंत्री की हाजिर जवाबी और विषय विशेषज्ञता के कायल हुए. आरंभ में लिट चौक के आयोजक निखिल दवे और धरा पाण्डे ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया. मुख्यमंत्री ने अंत में युवाओं के आव्हान पर यह देश है वीर जवानों का, अलबेलों का, मस्तानों का गीत गाकर युवाओं को देशभक्ति के प्रति प्रेरित किया. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे.

**रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें**- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से आह्वान किया कि वे रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें. उन्होंने कहा कि युवा अपनी कर्मठता, क्षमता, बुद्धिमता के बल पर जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, वे आगे बढ़े और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें. प्रदेश में औद्योगिक विकास यहां के




युवाओं नोकरी देने वाले युवा बनाने की दिशा में किया जा रहा है। प्रदेश सरकार हर कदम युवाओं के साथ है.

**राजनीति में युवाओं को आगे आने की जरूरत**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज युवाओं से पूछने पर हर कोई कहता है कि वह डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर बनना चाहता है, परंतु कोई यह नहीं कहता कि वह राजनीति करना चाहता है. देश को आजादी दिलाने में सबसे अधिक युवाओं ने ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का उदाहरण देते हुए बताया कि वे पहले युवा थे जिन्होंने आईएएस की परीक्षा प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण की थी. इसके बाद भी उन्होंने देशसेवा को चुना. उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि राजनीति में युवाओं को आना पड़ेगा, तभी देश के लोकतंत्र को मजबूत और सुरक्षित रखा जा सकता है.

**विचार नहीं जो जीवन व्यर्थ**- वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अनंत विजय के साथ प्रथम सत्र का आरंभ विचार, मनोरंजन और समाज के आपसी संबंधों पर गहन चर्चा के साथ हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनोरंजन में विचार का होना अनिवार्य है और यदि जीवन में विचार नहीं है तो जीवन का होना भी व्यर्थ हो जाता है. द्वितीय सत्र में वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी ने कहा कि न्यूज रूम हर पत्रकार के लिए मंदिर के समान होता है, जहाँ अलग-अलग स्थानों पर प्रमुख पत्रकार अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के साथ स्थापित होते हैं. जयदीप कर्णिक ने कहा कि त्रकारिता केवल न्यूज रूम तक सीमित नहीं होती, बल्कि एक पत्रकार के साथ पत्रकारिता हर समय चलती रहती है, क्योंकि घटनाएँ कभी घड़ी देखकर नहीं घटतीं. तीसरा सत्र निवेश पर केन्द्रित था, जिसका विषय था फण्ड का फण्डा. इसमें सुनील सुब्रमण्यम ने कहा कि आज के समय में फाइनेंस लिटरेसी बहुत जरुरी हैं. भविष्य के लिए रोज थोड़ी-थोड़ी बचत किजिए और उसको सही जगह निवेश किजिए. चौथा सत्र का विषय था आवाज में बहती कहानियां जिसमें व्हाइस ओवर आर्टिस्ट पंकज जीना ने कहा कि बुजुर्गों से मिलिए, उन्हें सुनिए, परिवार को समय दीजिए, यात्रा कीजिए और नए लोगों से मिलिए. जितना पढ़ेंगे, उतना सीखेंगे. समय दीजिए, भीड़ के पीछे मत भागिए.

### हम कभी परफेक्ट नहीं होते

पांचवा सत्र स्क्रीन और महिला किरदार विषय पर केंद्रित था,जिसमें अभिनेत्री लता सभरवाल और सुनीता राजवर ने अपने विचार व्यक्त किए. लता सभरवाल ने कहा कि जब आप काम दिल से करते हैं, तब कोई भी चीज डिफिकल्ट नहीं लगती. हम जितनी मेहनत करेंगे, खुद को उतना डिस्कवर करेंगे. पंचायत एवं गुल्लक फेम एक्ट्रेस सुनीता राजवर ने कहा कि हम परफेक्ट कभी भी नहीं होते है पर मेहनत हमेशा करते रहना चाहिए. खुद को कभी भी कम मत आंकिये. किताबें पढ़ते रहिए. छठां सत्र हिन्दी कविताओं और अभिनय पर आधारित था।इस सत्र में अभिनेता गोपाल दत्त से लेखक नवीन चौधरी ने बातचीत की. सांतवे सत्र में लेखक विश्वास व्यास ने कवि एवं लेखक नीलोत्पल मृणाल से बातचीत की. अगले सत्र में अभिनेता ब्रजेंद्र काला से लल्लन टॉप के आशीष मिश्रा ने बात की. कार्यक्रम का अंतिम सत्र शेर- शायरी के नाम रहा, जिसमें अजहर इकबाल और युवा शायर स्वयं श्रीवास्तव ने गौरव साक्षी से बातचीत की.

## एक नजर में

### ध्यान योग शिविर का आयोजन




**इंदौर.** विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को चमेली देवी योग केंद्र द्वारा शहर में संचालित सभी 16 योग केन्द्रों पर 21 मिनिट का ध्यान योग आयोजित किया गया।इनमें करीब डेढ़ हजार साधकों ने योग की विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से विश्व ध्यान दिवस को आत्मसात किया. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन और चमेली देवी योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम संयोजक किशोर गोयल, प्रवीण मिश्रा, आशा जैन एवं राजेश बंसल ने बताया कि विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में सुबह अन्नपूर्णा मंदिर पर हाल ही में निर्मित वेद भवन के नवीन परिसर में साधकों ने योग की विभिन्न क्रियाओं का प्रदर्शन किया. इसके अलावा गीता भवन, गुरुकृपा कॉलोनी स्थित जय सिया राम केंद्र, छोटा बांगड़दा स्थित बाबा श्री रिसोर्ट, सुखलिया स्थित जंगली दास आश्रम, परदेशीपुरा क्लर्क कॉलोनी में समर्थ रामदास केंद्र, गोयल नगर बंगाली चौराहा स्थित ईश कृपा गार्डन, श्याम नगर एनएक्स स्थित ब्रिलियंट अकेडमी, स्कीम 78 स्थित होटल मस्क ट्रिबो तथा शहर में केवल महिलाओं के लिए चलाए जा रहे 6 केन्द्रों, गीता भवन, बाबा श्री रिसोर्ट, अनूप नगर रामद्वारा, गुमास्ता नगर रामद्वारा, गोयल नगर स्थित ईश कृपा गार्डन एवं अन्नपूर्णा मंदिर पर शाम को 5 से 6 बजे के बीच योग शिविरों का आयोजन किया गया और सैकड़ों महिलाओं ने योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास भी किया और प्रशिक्षण भी प्राप्त किया. इस दौरान विशेषज्ञों ने साधकों का मार्गदर्शन कर योग की महत्ता बताई.

### अनाथालय में भेंट किए कंबल



**इंदौर.** लायंस क्लब इंदौर सिटी की सक्रिय सदस्य एवं कोषाध्यक्ष लायन रिंकी जय सिंघानी चुग द्वारा अपने माता-पिता की शादी की सालगिरह के पुनीत अवसर पर सेवा गतिविधि के तहत महिला उत्कर्ष संस्थान बाणगंगा अनाथालय में 50 कंबल भेंट कर व महाप्रसाद वितरित कर सेवागतिधि की गई. इस अवसर पर एसपी नामदेव, के.पी माहेश्वरी नीतू असाटी, दिनेशकुमार, कृष्णप्रभा रणधर, खंडेलवाल जी, राजेश पाल, अशोक गुप्ता व कई सेवा भावी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे.

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानवीय संवेदनाओं से परे



**इंदौर.** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केन नोट बी ह्यूमन, सोशल, इमोशनल एंड स्पिरिचुअल शीर्षक से इंदौर के डायबिटीज़ मोटापा, थायराइड एवं हॉर्मोन विशेषज्ञ डॉ राजेश अग्रवाल का रिसर्च पेपर अंतर्राष्ट्रीय इंडेक्स जर्नल 'जापी' में प्रकाशित हुआ है. डॉ राजेश अग्रवाल ने बताया कि बेशक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जीवन के आयाम बदल दिए है और कई मायनों में रिसर्च और जीवन को आसान बना दिया है. जटिल गणनाएं आसान हो गई है परन्तु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानवता, सामाजिकता, भावनात्मकता, श्रद्धा और आध्यात्मिक विश्वास की जगह नहीं ले सकता. टेक्नोलॉजी ने दुनिया की दशा और दिशा दोनों बदल दी है और मानव स्वभाव की ये भावनात्मक विशेषताएं है जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में समाहित करने की कोशिश की जा रही है परंतु इन मानवीय गुणों का समावेश बेहद मुश्किल है. डॉ अग्रवाल ने लिखा है कि एआई की उपयोगिता पर कोई प्रश्न चिह्न नहीं है परंतु सामाजिक, भावना श्रद्धा, आध्यात्म और विश्वास की जगह नहीं है. डॉ सुनील गुप्ता नागपुर डॉ सुबोध बांझल, डॉ संजीव गुलाटी, डॉ नर्मदा पटेल, डॉ संजय श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि को संस्था के लिए गौरव बताया है.

### वुल्फ कासा फर्नीचर शोरूम का शुभारंभ



**इंदौर.** फिनिक्स मॉल के समीप वुल्फ कासा फर्नीचर शोरूम का शुभारंभ किया गया. उद्घाटन अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति, व्यापार संघों के पदाधिकारी, आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिज़ाइनर्स तथा बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे. शोरूम डायरेक्टर पारुल जैन एवं आर्किटेक्ट कपिल जैन ने बताया कि वुल्फ कासा को वन रूफ सॉल्यूशन की अवधारणा पर विकसित किया गया है. यहां फर्नीचर के साथ-साथ मॉड्यूलर एवं कस्टम-मेड फर्नीचर, इंटीरियर प्रोडक्ट्स, सेनेटरी वेयर, डेकोर आइटम्स, नैचुरल प्लांट्स सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध है, वुल्फ कासा केवल फर्नीचर शोरूम ही नहीं, बल्कि प्रोजेक्ट कंसलटेंसी सर्विसेस भी प्रदान करता है. इसके अंतर्गत ग्राहकों को डोर-टू-डोर प्रोजेक्ट सपोर्ट, प्लानिंग से लेकर एक्सीक्यूशन तक की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. डायरेक्टर आर्किटेक्ट अर्पित काबरा और दीपक शर्मा ने बताया कि शोरूम में हर वर्ग और हर बजट को ध्यान में रखते हुए समाधान उपलब्ध कराए गए हैं. साथ ही ग्राहकों के बेहतर अनुभव के लिए फ्री इंटीरियर कंसल्टेशन, कस्टम डिज़ाइन सुविधा और समय पर डिलीवरी की सेवाएं दी जाएंगी. आने वाले समय में आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिज़ाइनर्स के लिए विशेष सेमीनार व इंटरएक्टिव सेशन्स का आयोजन किया जाएगा, ताकि नए ट्रेंड्स, डिज़ाइन इनोवेशन और इंडस्ट्री से जुड़ी जानकारी साझा की जा सके.



## उप राष्ट्रपति को राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने स्मृति चिन्ह भेंट कर दी विदाई

**इंदौर.** उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन इंदौर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के 100 वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर रविवार को आयोजित शून्य से शतक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.

कार्यक्रम के पश्चात उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्मृति चिन्ह भेंट कर दी विदाई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विदाई के दौरान लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर का मोमेंटो भेंट किया. उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन देवी



अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर से नई दिल्ली के लिये प्रस्थान किया. इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

## पर्यावरण संरक्षण के लिए निकाली साइकिल रैली

- साढ़े 8 किलोमीटर का सफर 1 घंटे में किया तय
- 15 वर्ष के बालक से लेकर 65 वर्ष के बुजुर्ग शामिल हुए
- इंदौरिया ने ठंड में भी दिखाया गजब का जज्बा

**इंदौर.** स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उन्नत सोशल ह्यूमैनिटी एसोसिएशन द्वारा आयोजित उन्नत साइक्लोथोन जन-जागरूकता अभियान का आयोजन रविवार को किया. अल सुबह कड़ाके की सर्दी में जन जागरूकता के लिए लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और साठे 8 किलोमीटर की साइकिल रैली 1 घंटे में तय कर दी.

यह आयोजन विजय दिवस 1971 के अवसर पर भारतीय सेना के शौर्य, साहस एवं बलिदान को नमन करते हुए समाज में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को और अधिक सशक्त करने हेतु समर्पित रहा. साइक्लोथोन का शुभारंभ प्रात: 7.35 बजे टंट्या मामा भील (भंवरकुआ) चौराहा से हुआ. इस अवसर पर महिला सुरक्षा एवं



सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए साइक्लोथोन को फ्लैग-ऑफ किया।कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने हेतु सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट तीर्थ आचार्य, एनसीसी ब्रिगेडियर संजीव कुमार, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, गुरदीप सिंह भाटिया, अल्पसंख्यक आयोग से सेम पावरी, देव नारायण बोर्ड से रघुवीर सिंह पटेल, केसरी से राहुल जैन तथा इंदौर बीजेपी महानगर महामंत्री कैलाश पिपले की उपस्थिति रही.लगभग 8.5 किलोमीटर लंबी यह साइक्लोथोन सिरपुर झील तक संपन्न हुई, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े हजारों जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. प्रतिभागियों ने साइकिलिंग के माध्यम से न केवल अपने शारीरिक स्वास्थ्य एवं सहनशक्ति को सशक्त किया, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में कमी कर पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी संदेश दिया.

### पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के अध्यक्ष अशोक अधिकारी एवं सचिव अखिलेश नेमा ने कहा कि साइकिल जैसे पर्यावरण-अनुकूल साधनों को अपनाना स्वस्थ समाज, सुरक्षित महिलाओं एवं स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है. इस अभियान में संस्थान के सह सचिव चेतन नागर, सदस्य संजय सगोरे, नीरज त्रिपाठी एवं अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा. कार्यक्रम के संयोजक प्रांशु मिश्रा, सह संयोजक कनिष्का चौधरी, मनीष पटेल, गोल्डी राठौर एवं प्रभारी कृष्णा पटेल के कुशल समन्वय तथा स्वयंसेवकों के प्रभावी टीमवर्क से यह आयोजन सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सुरक्षा की शपथ दिलाई गई.



## संभाग स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में इंदौर जिला विजेता

**इंदौर. शासकीय आदर्श होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर द्वारा म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की संभाग स्तरीय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के 6 जिलों ने भाग लिया. फाइनल मैच इंदौर और धार जिले के मध्य खेला गया, जिसमें इंदौर जिले ने यह मुकाबला 8 विकेट से जीत कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया.**

धार जिले ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 75 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई. जवाब में इंदौर जिले ने 2 विकेट खोकर आठ विकेट से यह स्पर्धा जीत ली । इंदौर जिले के खिलाड़ी उज्जवल, अथर्व न्याति अथर्व यादव ने 2 - 2 विकेट लिए और पवन गौंड ने 15 गेंद पर नाबाद 30 रन और यश मालाकार ने 28 रन बनाकर जीत इंदौर की झोली में डाल दी. पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि इंदौर संभाग के अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, डॉ.आर.सी. दीक्षित, इंदौर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव देवाशीष नीलोसे महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. अनामिका जैन, के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एवं स्पर्धा के संगठन सचिव डॉ.अनुपम शर्मा, डॉ.शुभदा भोंसले, आशीष यादव, कु. रूपाली प्रजापत के द्वारा किया गया। चयन समिति सदस्यों के रूप में प्रो. (डॉ.) दीपक मेहता, डॉ. विकास कौशिक, डॉ. महेंद्र मिश्रा एवं श्री भूषण वर्मा मौजूद रहे इन सभी का स्वागत महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के प्राध्यापकों के द्वारा किया गया. इस मौके पर इंदौर जिले के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई, डॉ. राघव जायसवाल डॉ. अविनाश यादव, डॉ. अनुराग हार्डिया, डॉ. प्रवीण माने ने स्पर्धा को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि इस स्पर्धा के आधार पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर क्रिकेट (पुरुष) टीम का चयन किया गया, जो आगामी दिनों में राज्य स्तरीय अन्तर विश्व विद्यालयीन एवं पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता जो राजकोट विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी उसमें भाग लेगी. संचालन डॉ शुभदा भोसले के द्वारा किया गया और आभार क्रीड़ा अधिकारी डॉ अनुपम शर्मा ने माना.




## रक्तदान किसी के लिए हो सकता है वरदान

**इंदौर.** ज्ञानशिखर में ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर संपन्न हुआ. इस अवसर पर इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि रक्तदान महादान है क्योंकि रक्त केवल मानव शरीर में ही निर्मित होता है इसको बनाने की कोई फैक्ट्री नहीं होती. और ऐसे में आपके द्वारा दिया गया रक्त जरूरत के समय किसी के लिए वरदान, जीवनदान हो सकता है. विशेष अतिथि डॉ. राजेंद्र सोडाणी ने कहा कि हमारे में अंदर से रक्तदान की भावना विकसित होनी चाहिए क्योंकि रक्त देने से कम नहीं होता बल्कि पुन: और अधिक रक्त का निर्माण हो जाता है, साथ-साथ किसी को मदद भी मिल जाती है. कस्टम विभाग के अपर आयुक्त डॉ. दिनेश बिसेन ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान करने से हम तीन तरह से किसी की जिंदगी बचा सकते हैं इसलिए इसमें सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए. एम. वाय. हॉस्पिटल के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के संचालक डॉ. नरेंद्र वर्मा ने कहा कि एम. वाय. हॉस्पिटल में से 400-500 मरीज भर्ती होते हैं जिन्हें रक्त की आवश्यकता होती है. ब्रह्माकुमारी संस्था ऐसी स्वस्थ संस्था है जहां से मिलने वाला रक्त 100% परफेक्ट और शुद्ध रक्त होगा क्योंकि यहां किसी के भी अंदर में लोभ, लालच, आदि नहीं हैं.इस अवसर पर समाज सेवी गिरीश लुल्ला ने विशेष थैलेसीमिया के बच्चों के लिए रक्त संग्रहण पर जोर दिया. डॉ. शिल्पा देसाई तथा डॉ. साधना सोडाणी ने भी अपनी शुभकामनाएं दी. संचालन डॉ. संगीता टावरी ने किया. मेडिकल विंग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने आभार माना. शिविर में कुल 85 यूनिट ब्लड का संग्रह किया गया.

## सर्द हवाओं और बादलों के कारण दिन में भी हुआ ठंड का एहसास

**इंदौर.** इंदौर में रविवार दिन भर आसमान साफ़ रहा, लेकिन रात होते-होते सर्द हवाओं ने ठंड का असर और गहरा कर दिया. दिन का पारा सामान्य रहा, जबकि न्यूनतम तापमान औसत से नीचे पहुंचने के साथ शहर में कंपकंपी बढ़ी. आने वाले समय में सर्दी और बढ़ सकती है.

मौसम विज्ञान कार्यालय से जारी रिपोर्ट के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया. जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया, जो सामान्य से करीब तीन डिग्री कम है. तापमान में गिरावट के कारण रात के बाद अब दिन का मौसम और सर्द महसूस हुआ. वहीं दृश्यता के आंकड़ों में सुबह के समय अधिकतम छह किलोमीटर और न्यूनतम 1700 मीटर दर्ज की गई. इसके अलावा हवा की गति दिन के दौरान 19 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंची, जबकि न्यूनतम स्तर पर हवा शांत रही. आज सूर्यास्त शाम 5 बजकर 47 मिनट पर हुआ. सोमवार सुबह सूर्योदय 7 बजकर 03 मिनट पर होगा. वहीं चंद्र उदय और अस्त के मुताबिक रविवार को चंद्र अस्त 6 बजकर 50 मिनट पर और सोमवार को चंद्र उदय 8 बजकर 53 मिनट पर दर्ज होना है. सुबह सवा आठ बजे उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक शहर का तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस था, आर्द्रता 83 प्रतिशत और दृश्यता 2000 मीटर रही. हवा की गति पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा में छह से सात किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई. शाम 5 बजकर 30 मिनट पर मिले आंकड़ों में तापमान 23.6 डिग्री, वहीं आर्द्रता 50 प्रतिशत और दृश्यता छह किलोमीटर बताई गई. इस दौरान आसमान पूरी तरह साफ़ रहा.

**एक नजर में** ▶ प्री-क्रिसमस एवं नववर्ष उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

## घरों के लिए सुंदर सजावटी वस्तुएं बनाने की कला सिखाई



**इंदौर.** पंजाबी महिला विकास समिति ने इंदौर के एक प्रतिष्ठित क्लब में प्री-क्रिसमस एवं नववर्ष उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया. अध्यक्ष अंजू शर्मा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा हमारे जीवन में त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डाला. संरक्षिका वीना साहनी ने भविष्य में किए जाने वाले सामाजिक सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी. प्रोजेक्ट चेयरपरसन स्वीटी टुटेजा एवं मनप्रीत कौर कलसी ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा खेल, तंबोला एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया, जिनका सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया. मीना बत्रा ने सदस्यों को अपने घरों के लिए सुंदर सजावटी वस्तुएँ बनाने की कला सिखाई. निशि गंभीर ने सदस्यों को क्लब के अकाउंट की समीक्षा से अवगत कराया. अंत में सचिव स्वीटी टुटेजा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया.